पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

संविधान दिवस पर विधि संकाय में "संवैधानिक मूल्य एवं बदलते भारत पर परिचर्चा" का आयोजन

मुख्य अतिथि ने युवाओं को संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए किया प्रेरित, विद्यार्थियों ने दीं प्रस्तुतियां

लखनऊ : 26 नवम्बर, 2026

संविधान दिवस के अवसर पर विधि संकाय, लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 26 नवम्बर, 2026 को विधिक सहायता केंद्र एवं प्रो बोनो क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'संवैधानिक मूल्य एवं बदलते भारत पर परिचर्चा' विषय पर एक विशेष अतिथि व्याख्यान का आयोजन न्यायमूर्ति डॉ. ए.एस. आनंद मूट कोर्ट हॉल में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, सांसद, राज्यसभा उपस्थित रहे। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी, विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) आर. के. वर्मा, विधिक सहायता केंद्र के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अभिषेक कुमार तिवारी तथा प्रो बोनो क्लब के संकाय प्रभारी प्रो. (डॉ.) आलोक कुमार यादव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृतिका सिंह, सदस्य, प्रो बोनो क्लब के स्वागत संबोधन एवं मंच संचालन के साथ हुआ। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया तथा विश्वविद्यालय के कुलगीत की प्रस्तुति दी गई। स्वागत एवं सम्मान समारोह के अंतर्गत मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा संविधान एवं समकालीन भारत से संबंधित विषयों पर संक्षिप्त प्रस्तुतियाँ दी गईं। इनमें प्रो बोनो क्लब के सदस्य शांतनु ने संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व एवं संवैधानिक मूल्यों, विभव वर्मा (विधिक सहायता केंद्र) ने संविधान की प्रस्तावना, रागिनी सिंह (विधिक सहायता केंद्र) ने मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य तथा वैभवी (प्रो बोनो क्लब) ने सामाजिक न्याय एवं समानता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मुख्य अतिथि डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल का संबोधन रहा। अपने विचारोत्तेजक वक्तव्य में उन्होंने भारतीय संविधान की भावना, उसके मूलभूत आदर्शों तथा समकालीन भारत में उनकी प्रासंगिकता पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने लोकतांत्रिक व्यवस्था, संवैधानिक संस्थाओं, नागरिक चेतना तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय की ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक विरासत की सराहना करते हुए विद्यार्थियों की

प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और उनके विचारों का उत्साहवर्धन किया। साथ ही, उन्होंने विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों को आत्मसात करने तथा एक जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि के संबोधन के पश्चात कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने मुख्य अतिथि, अन्य गणमान्य अतिथियों, संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का औपचारिक समापन हुआ।

सम्पर्क सूत्र– धर्मवीर खरे

राम यतन/06:15 PM

फोन नम्बर Direct : 0522–2239023 ई0पी0बी0एक्स0: 0522–2239132,33,34,35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522–2237230 0522–2239586 ई–मेल : upsoochna@gmail.com,
वेबसाइट :www.information.up.gov.in